चाइल्ड पोर्नोग्राफी

प्रलिम्सि के लयि:

चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बाल दुर्व्यवहार, बाल यौन शोषण सामग्री (CSAM), राष्ट्रीय अपराध रपिोर्ट ब्यूरो (NCRB), यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधनियिम, 2012, बाल दुर्व्यवहार रोकथाम और जाँच इकाई, कशिोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) संशोधन अधनियिम, 2021

मेन्स के लयि:

चाइल्ड पोर्नोग्राफी, कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा और बेहतरी के लयि गठति तंत्र, कानून, संस्थाएँ एवं नकिाय

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में यूरोपीय संघ के सांसदों ने **ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी/बाल अश्लीलता चत्रिण** की पहचान करने और उसे हटाने के लयि **अल्फाबेट की Google, मेटा और अन्य ऑनलाइन सेवाओं** की आवश्यकता वाले नयिमों का मसौदा तैयार करने पर सहमतव्यिक्त की, जसिमें कहा गया कि इससे **एंड-टू-एंड एन्क्रप्शिन** प्रभावति नहीं होगा।

- वर्ष 2022 में यूरोपीय आयोग द्वारा प्रस्तावति **बाल यौन शोषण सामग्री (CSAM)** पर मसौदा नयिम, ऑनलाइन सुरक्षा उपायों के समर्थक और नगिरानी के वषिय में चतिति गोपनीयता कार्यकर्त्ताओं के बीच ववािद का वषिय रहा है।
- यूरोपीय आयोग ने तकनीकी कंपनयिों द्वारा **स्वैच्छकि पहचान और रपिोर्टगि सस्टिम की अपर्याप्तता** को संबोधति करते हुए CSAM की पहचान करने तथा उसे हटाने के लयि ऑनलाइन सेवाओं की आवश्यकता वाले नयिमों का प्रस्ताव रखा।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी/बाल अश्लीलता चत्रिण क्या है?

- **परचिय:**
  - चाइल्ड पोर्नोग्राफी से तात्पर्य स्पष्टतः नाबालगिों से जुड़ी **यौन सामग्री के नरि्माण, वतिरण या परगि्रह** से है। भारत और वशि्व स्तर पर यह गंभीर प्रभाव वाला एक जघन्य अपराध है, जो **बच्चों के यौन शोषण और उनसे दुर्व्यवहार** जारी रखता है।
  - ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी **डजिटिल शोषण की अभव्यिक्त है,** जो डजिटिल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नाबालगिों से जुड़ी स्पष्ट यौन सामग्री के उत्पादन, वतिरण या परगि्रह को संदर्भति करती है।
  - यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (संशोधन) अधनियिम, 2019 चाइल्ड पोर्नोग्राफी को स्पष्ट तौर पर कसिी बच्चे से जुड़े यौन आचरण के कसिी भी दृश्य चत्रिण के रूप में परभिाषति करता है जसिमें फोटोग्राफ, वीडयिो, डजिटिल या कंप्यूटर से उत्पन्न छवयिाँ शामलि होती हैं जो वास्तवकि बच्चे से अप्रभेद्य हैं।
- **भारतीय परदृिश्य:**
  - चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामलों में बढ़ोतरी भारत में ऑनलाइन बाल यौन शोषण की गंभीर स्थतिि को दर्शाती है। राष्ट्रीय अपराध रकिॉर्ड ब्यूरो **(National Crime Records Bureau-NCRB)** 2021 की रपिोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के 738 मामले थे जो वर्ष 2021 में बढ़कर 969 हो गए थे।
- **प्रभाव:**
  - **मनोवैज्ञानकि प्रभाव:** पोर्न बच्चों पर मनोवैज्ञानकि प्रभाव डालता है। यह अवसाद, क्रोध तथा चतिा से संबंधति है। इससे मानसकि पीड़ा हो सकती है। इसका प्रभाव बच्चों के दैनकि कामकाज़, उनकी जैवकि क्रयिाओं (Biological Clock), कार्य एवं सामाजकि संबंधों पर भी पड़ता है।
  - **कामुकता पर प्रभाव:** इसे नयिमति रूप से देखा जाना यौन संतुष्टि और यौन उत्तेजना की भावना उत्पन्न करता है, जसिसे वास्तवकि जीवन में भी समान कृत्य करने की इच्छा उत्पन्न होती है।
  - **यौन व्यसन:** कुछ वशिेषज्ञों के अनुसार, पोर्नोग्राफी एक व्यसन की भाँति की तरह है। यह मस्तष्कि पर वैसा ही प्रभाव उत्पन्न करता है जैसा नयिमति रूप से नशीली दवाओं अथवा शराब के सेवन से होता है।

- **व्याहारकि प्रभाव:** कशिोरों में पोर्नोग्राफी का उपयोग, खासकर पुरुषों के मामले में, लैंगकि रूढ़विादति में मज़बूत वशि्वास से जुड़ा है। जो पुरुष कशिोर अक्सर पोर्नोग्राफी देखते हैं, उनके द्वारा महलिाओं को सेक्स ऑब्जेक्ट के रूप में देखे जाने की अधकि संभावना होती है।
    - महलिाओं के खलिाफ यौन उत्पीड़न और हसिा को प्रोत्साहति करने वाले वचिारों को पोर्नोग्राफी द्वारा प्रबलति कयिा जा सकता है।

पोर्नोग्राफी से नपिटने में क्या चुनौतयिाँ हैं?

- उच्च वर्ग के बच्चों की तुलना में नम्नि वर्ग के बच्चों में पोर्नोग्राफी का प्रभाव अलग होता है। कोई भी एकल दृष्टकिोण समस्या को **प्रभावी ढंग से हल में सक्षम नहीं** होगा।
- भारत में **सेक्स को नकारात्मक (कुछ ऐसा जसि छपिाया जाना चाहयि) रूप में देखा जाता है।** सेक्स के संबंध में कोई स्वस्थ पारविारकि संवाद नहीं होता है। इससे बच्चा बाहर से सीखता है और उसे पोर्नोग्राफी की लत लग जाती है।
- **एजेंसयिों के लयि चाइल्ड पोर्नोग्राफी की गतविधियिों का पता लगाना** और उन पर प्रभावी ढंग से नगिरानी रखना बहुत मुश्कलि है।
- नयिमति रूप से वेबसाइट्स और अमेज़ॅन प्राइम, नेटफ्लक्सि, हॉटस्टार इत्यादजिैसी OTT (ओवर द टॉप) सेवाओं पर अश्लील सामग्री की उपलब्धता से गैर-अश्लील तथा अश्लील सामग्री के बीच अंतर करना मुश्कलि हो जाता है।

बच्चों के साथ अश्लीलता और शोषण को रोकने के लयि भारत की क्या पहलें हैं?

- **यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधनियिम, 2012:**
    - **POCSO अधनियिम, 2019 में संशोधन** कयिा गया है, जसिमें बच्चों के गंभीर यौन उत्पीड़न के लयि मृत्युदंड जैसे कड़े उपाय शामलि हैं।
    - यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (संशोधन) अधनियिम, 2019 ने भारत में चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर अंकुश लगाने के लयि कई प्रावधान प्रस्तुत कयि हैं।
        - संशोधति अधनियिम के अनुसार, जो कोई भी कसिी बच्चे या बच्चों का उपयोग अश्लील उद्देश्यों के लयि करता है, उसे कम-से-कम पाँच वर्ष का कारावास होगा, साथ ही जुर्माना भी देना होगा और दूसरी अथवा बाद की स्थतिमिें कारावास की अवधसिात वर्ष से कम नहीं होगी, साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है।
- **अन्य पहल:**
    - आईटी अधनियिम 2000
    - बाल दुर्व्यवहार रोकथाम और जाँच इकाई
    - बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
    - कशिोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधनियिम, 2015
    - **बाल ववािह नषिेध अधनियिम (2006)**
    - बाल श्रम नषिेध एवं वनियिमन अधनियिम, 2016
    - **वशिेष फास्ट ट्रैक न्यायालयों के अंतर्गत POCSO न्यायालय**

आगे की राह

- चाइल्ड पोर्न पर तत्काल प्रतबिंध लगाए जाने की आवश्यकता है।
- उदाहरण के लयि सामान्यतः कसिी **बच्चे का पहली बार पोर्न से संपर्क आकस्मकि** होता है। इंटरनेट पर अन्य चीज़ों को ब्राउज़ करते समय वज्ञिापन के रूप में, सरकार को इस तरह के आकस्मकि जोखमि को रोकने के लयि **तकनीकी समाधान खोजने का प्रयास** करना चाहयि।
- जागरूकता के साथ **यौन शक्षिा बहुत ज़रूरी** है, इसलयि **स्कूलों में इसे अनविार्य कयिा जाना चाहयि**। माता-पतिा और शक्षिकों को आधुनकि प्रौद्योगकिी में बच्चों के साथ व्यवहार करने में कुशल होना चाहयि।

वधिकि दृष्टकिोण:

पॉक्सो (POCSO) अधनियिम लैंगकि रूप से तटस्थ

https://www.drishtijudiciary.com/hin

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/child-pornography